यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
UJVN Limited
(A Govt. of Uttarakhand Enterprise)
कार्यालय अधिशासी निदेशक (मा0सं0), "उज्ज्वल", महारानी बाग, जी0एम0एस0रोड, देहरादून–248006(उत्तराखण्ड)
Office of the Executive Director (HR), "Ujjwal", Maharani Bagh, G.M.S. Road, Dehradun-248 006(Uttarakhand)
CIN No. U40101UR2001SGC025866
ISO 9001, 14001 Certified

पत्रांकः M-2214/यूजेवीएनएल/एचआर/आईआर दिनांकः 15–07–2026

**कार्यालय ज्ञाप**

मिशन कर्मयोगी i Got Digital Platform के माध्यम से सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका आधारित क्षमता विकास (Role Based Capacity Building) किये जाने हेतु भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत Capacity Building Unit (CBU) की स्थापना एवं Capacity Building Plan (CBP) के सम्बन्ध में मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 403221, दिनांक 09–06–2026 के द्वारा राज्य के सभी विभागों में संरचित क्षमता निर्माण प्रणाली लागू किये जाने हेतु सभी कार्मिकों की iGot Platform पर ऑनबोर्डिंग एवं तत्पश्चात् Capacity Building Plan (CBP) का निर्माण किये जाने हेतु दिशा–निर्देश दिये गये हैं।

एतद्द्वारा, यूजेवीएन लिमिटेड में कार्मिकों की Capacity Building Plan (CBP) तैयार किये जाने हेतु Capacity Building Unit (CBU) उप–समिति का गठन किया जाता है जिसका संघटन निम्नवत् होगाः–

| क्रम सं0 | पदनाम | दायित्व |
|---|---|---|
| 1 | अधिशासी निदेशक (मा0सं0), उज्ज्वल, देहरादून | अध्यक्ष |
| 2 | महाप्रबन्धक (सी0डी0एच0एण्ड एन0पी0), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 3 | महाप्रबन्धक (वि0 एवं यॉ0, डिजाईन), गंगा भवन, देहरादून | सदस्य |
| 4 | महाप्रबन्धक (वाणिज्य), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 5 | महाप्रबन्धक (वित्त), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 6 | महाप्रबन्धक (का0एवंऔ0सं0), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 7 | उपमहाप्रबन्धक (जानपद –तकनीकी), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 8 | उपमहाप्रबन्धक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 9 | उपमहाप्रबन्धक (वि0एवंयॉ0–मॉनिटरिंग), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य |
| 10 | उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0), उज्ज्वल, देहरादून | सदस्य सचिव |
| 11 | वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी (औ0सं0), उज्ज्वल, देहरादून | समन्वयक |

उक्त समिति द्वारा निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन किया जायेगाः–

1– समस्त महाप्रबन्धक स्तरीय नियंत्रक अधिकारियों, उपमहाप्रबन्धक (आई0टी0)/भूविज्ञान एवं कम्पनी सचिव से प्राप्त कार्मिकों की पदवार Role & Responsibilities के आधार पर कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु पाठ्यक्रम का चिह्नीकरण करना।

2– मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत विभागीय स्तर पर Capacity Building Plan (CBP) का निर्माण कर Capacity Building Unit (CBU) के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

**प्रबन्ध निदेशक**

क्रमशः.........2....

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही प्रेषितः–

1– निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, यूजेवीएन लिमिटेड, देहरादून।
2– समस्त निदेशक/समस्त अधिशासी निदेशक, यूजेवीएन लिमिटेड।
3– समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक/कम्पनी सचिव, यूजेवीएन लिमिटेड।
4– उपमहाप्रबन्धक(सूचना प्रौद्यो0), यूजेवीएन लि0, देहरादून को निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
5– सम्बन्धित अधिकारी ।

(आशिष कुमार जैन)
अधिशासी निदेशक (मा0सं0)

पंजीकृत कार्यालय : "उज्जवल", महारानी बाग, जी0एम0एस0रोड, देहरादून–248006 (उत्तराखण्ड), दूरभाष–0135–2763808, फैक्स–0135–2763508
Regd. Office : "Ujjwal", Maharani Bagh, G.M.S. Road, Dehradun-248006 (Uttarakhand), Phone-0135-2763808, Fax-0135-2763508

Scanned with OKEN Scanner

संख्याः 403 221/ XXX(4)/2022-07(07)/2022 E-40568

प्रेषक,

आनन्द वर्द्धन,
मुख्य सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

कार्मिक एवं सतर्कता अनुभाग– 04

देहरादूनः दिनांक, 09, जून, 2026

विषयः मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत **Capacity Building Unit (CBU)** की स्थापना एवं **Capacity Building Plan (CBP)** के संबंध में।

महोदय,

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता निर्माण कार्यक्रम National Programe for Civil Services Capacity Building (NPCSCB) – मिशन कर्मयोगी प्रारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य शासकीय सेवाओं में नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण एवं दक्षता में वृद्धि करना है। इस संबंध में राज्य के सभी विभागों में संरचित क्षमता निर्माण प्रणाली लागू किया जाना आवश्यक है, जिस हेतु सभी कार्मिकों की iGOT पोर्टल पर ऑनबोर्डिंग एवं तत्पश्चात Capacity Building Plan (CBP) का निर्माण किया जाना है।

2– उक्त CBP के अनुमोदन एवं क्रियान्वयन हेतु विभागीय स्तर पर **Capacity Building Unit (CBU)** का गठन किया जायेगा जिसका संघटन निम्नवत् होगा –

| क्र0 सं0 | पदनाम | दायित्व |
|---|---|---|
| 1. | अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, संबंधित प्रशासकीय विभाग । | अध्यक्ष |
| 2. | अपर सचिव, संबंधित विभाग। | |
| 3. | विभागाध्यक्ष, संबंधित विभाग । | सदस्य |
| 4. | विभागीय नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी। | सदस्य |
| 5. | अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव द्वारा आवश्यकतानुसार नामित विभागीय विशेषज्ञता धारित करने वाले विशेषज्ञ। | संयोजक |

Scanned with OKEN Scanner

Capacity Building Unit (CBU) के उत्तरदायित्व निम्नलिखित होंगे –

- विभागीय Capacity Building Plan(CBP) का निर्माण करना एवं राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी State Level Monitoring Committee (SLMC) के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना।
- iGoT प्लेटफॉर्म पर कर्मचारियों के ऑनबोर्डिंग एवं प्रशिक्षण का समन्वय।
- प्रत्येक दायित्वों के आधार पर उपलब्ध ऑनलाईन/ऑफलाईन पाठ्यक्रमों का चिह्नीकरण (Identification) करना तथा प्रत्येक वर्ष न्यूनतम पाठ्यक्रमों का समापन (Completion) सुनिश्चित कराना।
- विभागीय आवश्यकतानुसार क्षमता निर्माण हेतु पाठयक्रम विकसित करना एवं विकसित किये गये पाठयक्रमों को अनुमोदन प्रदान करना।
- त्रैमासिक रुप से Mission Karmayogi के अन्तर्गत विभाग द्वारा की जा रही प्रगति की समीक्षा/पर्यवेक्षण करना एवं प्रगति रिपोर्ट तैयार कर राज्य स्तर पर प्रेषित करना।
- श्रेष्ठ प्रथाओं (Best Practices) को अपनाना एवं साझा करना।

3 – राज्य स्तर पर मिशन कर्मयोगी हेतु राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी **State Level Monitoring Committee (SLMC)** का गठन किया जायेगा जिसका संघटन निम्नवत् होगा –

| क्रम सं0 | पदनाम | दायित्व |
|---|---|---|
| 1. | मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन । | अध्यक्ष |
| 2. | महानिदेशक,डॉ0आर0एस0टोलिया प्रशासन अकादमी (ATI), नैनीताल। | सदस्य |
| 3. | प्रमुख सचिव/सचिव कार्मिक | सदस्य |
| 4. | संबंधित प्रमुख सचिव/सचिव जिनके द्वारा CBP प्रस्तुत किया जाना है | सदस्य |
| 5. | अपर सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग/ राज्य नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी। | संयोजक |

उक्त कमेटी के उत्तरदायित्व निम्नवत होंगे –

- विभागों द्वारा Mission Karmayogi के अन्तर्गत की जा रही प्रगति की त्रैमासिक समीक्षा एवं संबंधित समस्याओं/बिंदुओं का समाधान करना।
- विभागीय CBU द्वारा तैयार किए गए Capacity Building Plan (CBP) की संवीक्षा करना एवं अनुमोदन प्रदान करना।

Scanned with OKEN Scanner

- समस्त विभागीय CBP के आधार पर प्रदेश स्तरीय State Level Capacity Building Plan का गठन एवं कार्ययोजना का अनुमोदन प्रदान करना।
- Mission Karmayogi के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को वार्षिक रूप से सम्मानित किया जाना।

4— मिशन कर्मयोगी का क्रियान्वयन समयबद्ध रूप से किया जाना है। अतः विभागों से अपेक्षा की जाती है कि विभागातंर्गत Capacity Building Unit (CBU) का गठन तत्काल करते हुए एक माह के अंतर्गत विभागीय Capacity Building Plan (CBP) राज्य नोडल अधिकारी, मिशन कार्मयोगी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
Anand Bardhan
Date: 09-06-2026
10:27:45

(आनन्द बर्द्धन)
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव, क्षमता विकास आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली ।
2. महानिदेशक, डॉ0आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल ।
3. सी0ई0ओ0, मिशन कर्मयोगी, कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन, नई दिल्ली।
4. प्रमुख निजी सचिव, सचिव, कार्मिक एवं सतर्कता विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

Digitally signed by
NAVNEET PANDE
Date: 09-06-2026
11:38:21

(नवनीत पाण्डे)
राज्य नोडल अधिकारी, मिशन कर्मयोगी,
अपर सचिव

Scanned with OKEN Scanner

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
UJVN Limited
(A Govt. of Uttarakhand Enterprise)
UJVNL
अधिशासी निदेशक (मा0सं0), "उज्ज्वल", महारानी बाग, जी0एम0एस0रोड, देहरादून–248006(उत्तराखण्ड)
Executive Director (HR), Ujjwal, Maharani Bagh, G.M.S. Road, Dehradun-248 006(Uttarakhand)
Fax No. 0135-2531646
CIN No. U40101UR2001SGC025866
ISO 9001, 14001 Certified

संख्याः– M-2145/यूजेवीएनएल/05/एचआर दिनांक 09/07/2026

**विषयः** मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत **Capacity Building Plan (CBP)** तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।

**समस्त महाप्रबन्धक,**
**उपमहाप्रबन्धक (आई0टी0)/भूविज्ञान,**
**कम्पनी सचिव,**
**यूजेवीएन लिमिटेड।**

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 403221, दिनांक 09–06–2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त विभागों को Capacity Building Plan (CBP) तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अवगत कराना है कि मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत निगम में Capacity Building Plan (CBP) तैयार किये जाने हेतु समस्त कार्मिकों की पदवार Role & Responsibilities सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है जिससे कि निगम के Capacity Building Plan (CBP) को अंतिम रूप दिया जा सके। उक्त Capacity Building Plan (CBP) को निर्धारित प्रारूप में राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी State Level Monitoring Committee (SLMC) को प्रस्तुत किया जाना है।

मिशन कर्मयोगी के अन्तर्गत Capacity Building Plan (CBP) तैयार किये जाने हेतु विभागीय स्तर पर उपसमिति का गठन किया जाना है, जिसके द्वारा Role & Responsibilities के आधार पर समस्त कार्मिकों हेतु पाठ्यक्रमों का चिह्नीकरण किया जायेगा। उपरोक्त कार्यों हेतु उपमहाप्रबन्धक (औ0सं0) एवं नोडल अधिकारी मिशन कर्मयोगी के द्वारा समन्वयक के रूप में समस्त कार्यों को सम्पादित किया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदवार Role & Responsibilities निम्नलिखित प्रारूप में हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 20–07–2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

| Sl. No. | Designation | Role & Responsibilities |
|---|---|---|
| | | |

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

ASKumar
09/7/26
(आशिष कुमार जैन)
**अधिशासी निदेशक (मा0सं0)**

प्रतिलिपिः
1– निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक, यूजेवीएन लिमिटेड, उज्ज्वल, देहरादून।
2– समस्त निदेशक, यूजेवीएन लिमिटेड, उज्ज्वल, देहरादून।
3– समस्त अधिशासी निदेशक, यूजेवीएन लिमिटेड।



Scanned with OKEN Scanner